>

Title : Need to declare main canal of Baragi Project in Madhya Pradesh as a National Project.

श्री गणेश सिंह (सतना): महोदय, मध्य प्रदेश के महाकोशल एवं विन्ध्य क्षेत्र की जीवन दायिनी योजना बरगी-व्यापवर्तन परियोजना की दायी तट की मुख्य नहर को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने हेतु मध्य प्रदेश सरकार ने जल संसाधन मंत्रालय के पास प्रस्ताव भेजा है। उक्त सिंचाई नहर से जबलपुर, कटनी जिले के 81823 हेक्टेयर, सतना जिले की 1,59,655 हेक्टेयर एवं रीवा जिले के 3532 हेक्टेयर कुल 2,45010 हेक्टेयर में सिंचाई क्षमता बढ़ेगी तथा कुल 1450 ग्राम लाभान्वित होंगे। उक्त परियोजना राष्ट्रीय परियोजना में शामिल करने की सभी शर्तों को पूरा करती है। यदि केन्द्र सरकार ने उक्त परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में लेने की कार्यवाही नहीं की तो समय पर यह परियोजना पूरी नहीं होगी और प्रदेश के लाखों लोग नहर की सिंचाई से वंचित हो जायेंगे।

अतः मेरी मांग है कि अविलंब उक्त परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना में शामिल किया जाये।